प्रेस आमंत्रण

10 नवम्बर, 2016

# केंद्रीय मंत्री श्री कलराज मिश्र जामिया में 15 नवंबर को 'लाइवलीहुड बिज़िनेस इनक्यूबेटर' की शुरुआत करेंगे

जामिया में श्री कलराज मिश्र, माननीय केन्द्रीय मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), भारत सरकार ने विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक, जामिइ के सभागार में 15 नवम्बर, 2016 को 11.00 बजे उदघाटन के लिए अपनी सहमति प्रदान की है।

अपनी विज़िट के दौरान, माननीय मंत्री 'लाइवलीहुड बिज़िनेस इनक्यूबेटर' (एलबीआई) का शुभारंभ करेंगे, जोकि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की एएसपीआईआरई योजना के अंतर्गत नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र (सीआईई) जामिया मिल्लिया द्वारा स्थापित किया गया है।

एलबीआई कार्यक्रम भावी उद्यमियों को प्रशिक्षित करने के लिए और उन्हें उत्पाद विनिर्माण प्रक्रियाओं, प्रौद्योगिकी विकास, व्यवसाय विकास, विपणन और अन्य कौशल एवं जानकारी प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है।

एलबीआई पीईटी बोतल बनाने, आर. ओ. प्लांट, बेकरी उत्पादों, मसाला पीसने और पैकिंग, टेलरिंग एवं मशीन कढ़ाई, कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग, रत्न/आभूषण बनाने सहित ऐसे ही कई क्षेत्रों में 'उद्यमिता एवं कौशल विकास' के 6 सप्ताह के अल्पकालिक कार्यक्रम चलाएगा।

कार्यक्रम को कौशल प्राप्त प्रतिभागियों को स्वयं अपनी व्यापार इकाइयों को सेट करने में मदद के लिए डिजाइन किया गया है।

कृपया माननीय मंत्री के इस महत्वपूर्ण जामिया दौरे को कवर के लिए अपने फोटोग्राफर/वीडियोग्राफर भेजें। प्रवेश गेट नं. 7 से होगा।

अन्य जानकारी के लिए कृपया प्रो. इफ़्तेख़ार अहमद, मानद मीडिया समन्वयक से 9911109399; प्रो साइमा सईद, मानद उप मीडिया समन्वयक 9891227771 पर, प्रो. दुर्गा प्रसाद गुप्त से 9868255696 पर और श्री शरीफ़ सिद्दीकी से 9990478066 पर सम्पर्क करें।

प्रो साइमा सईद<br>
मानद उप मीडिया समन्वयक